# प्रेस नोट

**20.08.2023**

## सीबीएसई द्वारा सीटीईटी के 17 वें संस्करण का सफल आयोजन

आज पूरे भारत में 136 शहरों के 3121 परीक्षा केंद्रों में केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा(सीटीईटी) के 17 वें संस्करण का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। परीक्षा के सुचारू और निष्पक्ष संचालन के लिए कुल 141 शहर समन्वयकों (5 शहरों में अधिक परीक्षा केंद्र होने के कारण दो शहर समन्वयक ), 3121 केंद्र अधीक्षकों, 3506 प्रेक्षकों और 599 सीबीएसई अधिकारियों/कर्मचारियों की तैनाती की गई थी।

| सीटीईटी परीक्षा के आंकड़े | प्रश्नपत्र-1 के लिए अभ्यर्थी (कक्षा 1 से 5 तक) | प्रश्नपत्र-2 के लिए अभ्यर्थी (कक्षा 6 से 8 तक) | कुल अभ्यर्थी |
|---|---|---|---|
| पंजीकृत | 15,01,719 | 14,02,184 | 29,03,903 |

परीक्षा में लगभग 80% अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

सी टी ई टी परीक्षा में दो प्रश्न पत्र होते हैं। प्रश्न पत्र–1, कक्षा 1 से 5 के लिए शिक्षकों की पात्रता के लिए , जबकि प्रश्न पत्र–2,कक्षा 6 से 8 के लिए शिक्षकों की पात्रता सुनिश्चित करने के लिए है। निर्धारित योग्यता को पूर्ण करने वाले अभ्यर्थी एक या दोनों प्रश्न पत्र में परीक्षा दे सकते हैं और 20 निर्धारित भाषाओं में से किन्हीं दो भाषाओं को चुन सकते हैं।

गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी सी टी ई टी के अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए बोर्ड ने डिजिटल अंकपत्र और पात्रता प्रमाण पत्र डिजिलॉकर के माध्यम से उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है जो '**हरितपहल**' की तरफ बोर्ड का एक संकल्प भी है। सभी उपस्थित अभ्यर्थियों के डिजिलॉकर खाते बनाए जाएंगे और अभ्यर्थियों को खाता क्रेडेंशियल्स के बारे में उन के सीबीएसई के साथ पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर सूचित किया जाएगा । संप्रेषित क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके अभ्यर्थी अपने डिजिटल अंक-पत्र और पात्रता प्रमाण-पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

इस प्रकार के डिजिटल प्रारूप में अंक पत्र और पात्रता प्रमाण पत्र सभी के लिए सुविधाजनक है क्योंकि वह कभी भी कहीं भी इलेक्ट्रनिक रूप से साझा किये जा सकते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से अंकपत्र और प्रमाणपत्र में एक एन्क्रिप्टेड क्यूआर कोड होता है जिसे डिजिलॉकर मोबाइल ऐप का उपयोग करके क्यूआर कोड को स्कैन और सत्यापित किया जा सकता है।

आईटी अधिनियम के अनुसार डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित अंकपत्र और पात्रता प्रमाणपत्र कानूनी रूप से मान्य है। परीक्षा संबंधी गतिविधियों में प्रौद्योगिकी का समावेश एवं पर्यावरण संरक्षण बोर्ड का एक सशक्त कदम है। साथ ही इस प्रयास द्वारा बड़ी धनराशि और कागज,पेड़ और जल जैसे मूल्यवान संसाधनों की बचत और कार्बन उत्सर्जन को घटाने की बोर्ड की प्रतिबद्धता है।

**निदेशक (सीटीईटी)**

"शिक्षा केन्द्र" , 2, सामुदायिक केन्द्र , प्रीत विहार, दिल्ली – 110092
"Shiksha Kendra", 2, Community Centre, Preet Vihar, Delhi - 110 092
फोन / Telephone : +91-11-22509256, 22509257 वेबसाइट/Website: www.cbse.nic.in